# भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग
कारपोरेट केन्द्र, मुंबई
(फोनः 022-2282 0427; फैक्सः 022-2282 0411; ई-मेल: crpd@sbi.co.in)

विज्ञापन संख्या : सीआरपीडी/सीआर/2014-15/02

# भारतीय स्टेट बैंक में लिपिकीय संवर्ग में सहायकों की भर्ती

**ऑन-लाइन आवेदन पंजीकरण शुरू होने की तारीख : 26.05.2014 से 14.06.2014 तक**

**ऑन-लाइन शुल्क जमा करने की अवधि : 26.05.2014 से 14.06.2014 तक**

**ऑफ-लाइन शुल्क जमा करने की अवधि : 28.05.2014 से 17.06.2014 तक**

भर्ती परीक्षा अनन्तिम रूप से जुलाई/अगस्त 2014 में विभिन्न तिथियों को आयोजित की जाएगी. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और अपडेट के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट www.sbi.co.in या www.statebankofindia.com देखें. परीक्षा नीचे बिन्दु क्र. 5 चयन प्रक्रिया के अंतर्गत दी गई जानकारी के अनुसार आयोजित की जाएगी.

भारतीय स्टेट बैंक में लिपिकीय संवर्ग में सहायकों की नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

उम्मीदवार केवल एक राज्य के रिक्त-पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं और उन्हें उस राज्य विशेष के लिए किसी परीक्षा केंद्र से परीक्षा में उपस्थित होना होगा. इस भर्ती परियोजना के लिए उम्मीदवार केवल एक बार ही परीक्षा में भाग ले सकते हैं.

**रिक्त-पद**

| मंडल | राज्य | श्रेणीवार | | | | | पीडब्ल्यूडी | | | भूतपूर्व सैनिक | | पीडब्ल्यूडी के लिए पिछले बकाया रिक्त-पद | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | अजा | अजजा | अपिव | कुल | ओएच | वीआई | एचआई | एक्सएस | डीएक्सएस | ओएच | वीआई | एचआई | कुल |
| **अहमदाबाद** | गुजरात | 338 | 47 | 100 | 180 | 665 | 7 | 6 | 7 | 67 | 30 | 0 | 1 | 6 | 7 |
| **बैंगलोर** | कर्नाटक | 130 | 41 | 18 | 70 | 259 | 3 | 2 | 3 | 26 | 12 | 2 | 1 | 2 | 5 |
| **भोपाल** | मध्य प्रदेश | 219 | 65 | 87 | 65 | 436 | 4 | 4 | 5 | 44 | 20 | 3 | 4 | 3 | 10 |
| | छत्तीसगढ़ | 68 | 16 | 43 | 8 | 135 | 1 | 2 | 1 | 14 | 6 | 1 | 1 | 2 | 4 |
| **बंगाल** | पश्चिम बंगाल | 126 | 58 | 13 | 55 | 252 | 2 | 3 | 3 | 25 | 11 | 7 | 4 | 2 | 13 |
| | अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह | 5 | 0 | 1 | 2 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| | सिक्किम | 7 | 1 | 3 | 3 | 14 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| **भुवनेश्वर** | उड़ीसा | 65 | 21 | 28 | 15 | 129 | 1 | 2 | 1 | 13 | 6 | 2 | 1 | 1 | 4 |
| **चंडीगढ़** | हिमाचल प्रदेश | 40 | 20 | 3 | 16 | 79 | 1 | 0 | 1 | 8 | 4 | 3 | 3 | 2 | 8 |
| | हरियाणा | 75 | 26 | 0 | 38 | 139 | 1 | 2 | 1 | 14 | 6 | 3 | 2 | 2 | 7 |
| | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| | पंजाब | 139 | 80 | 0 | 58 | 277 | 3 | 2 | 3 | 28 | 13 | 3 | 2 | 0 | 5 |
| **चेन्नई** | तमिलनाडु | 197 | 71 | 4 | 101 | 373 | 4 | 3 | 4 | 37 | 17 | 4 | 4 | 9 | 17 |
| | पाँडिचेरी | 2 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| **दिल्ली** | दिल्ली/हरियाणा | 74 | 22 | 11 | 39 | 146 | 2 | 1 | 1 | 15 | 7 | 4 | 4 | 4 | 12 |
| | राजस्थान | 60 | 20 | 16 | 24 | 120 | 1 | 2 | 1 | 12 | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| | उत्तर प्रदेश (पश्चिम) | 62 | 25 | 1 | 32 | 120 | 2 | 1 | 1 | 12 | 5 | 4 | 3 | 3 | 10 |
| | उत्तराखंड | 93 | 25 | 4 | 18 | 140 | 1 | 2 | 1 | 14 | 6 | 2 | 2 | 1 | 5 |
| **हैदराबाद** | आंध्र प्रदेश | 104 | 33 | 15 | 56 | 208 | 2 | 2 | 2 | 21 | 9 | 4 | 4 | 4 | 12 |
| **केरल** | केरल | 302 | 49 | 5 | 131 | 487 | 5 | 5 | 5 | 49 | 22 | 0 | 2 | 4 | 6 |
| **लखनऊ** | उत्तर प्रदेश | 140 | 58 | 3 | 74 | 275 | 3 | 3 | 2 | 28 | 12 | 2 | 2 | 2 | 6 |
| **मुंबई** | महाराष्ट्र | 290 | 54 | 49 | 146 | 539 | 6 | 5 | 5 | 54 | 24 | 5 | 6 | 6 | 17 |
| | गोवा | 16 | 1 | 3 | 5 | 25 | 0 | 1 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **उत्तर पूर्वी** | असम | 20 | 2 | 4 | 9 | 35 | 1 | 0 | 0 | 4 | 2 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| | अरुणाचल प्रदेश | 5 | 0 | 5 | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| | मणिपुर | 2 | 0 | 1 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| | मेघालय | 6 | 0 | 5 | 1 | 12 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| | मिजोरम | 3 | 0 | 2 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| | नागालैंड | 5 | 0 | 5 | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| | त्रिपुरा | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| **पटना** | बिहार | 34 | 10 | 1 | 17 | 62 | 0 | 1 | 1 | 6 | 3 | 2 | 3 | 4 | 9 |
| | झारखंड | 62 | 15 | 32 | 15 | 124 | 1 | 1 | 2 | 11 | 7 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| **कुल** | | **2690** | **760** | **463** | **1179** | **5092** | **52** | **50** | **50** | **509** | **229** | **63** | **65** | **73** | **201** |

**कश्मीर घाटी/लद्दाख में सहायक के रिक्त-पदों के लिए विशेष भर्ती अभियान**

| मंडल | राज्य | श्रेणीवार | | | | | पीडब्ल्यूडी | | | भूतपूर्व सैनिक | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | अजा | अजजा | अपिव | कुल | ओएच | वीआई | एचआई | एक्सएस | डीएक्सएस |
| **चंडीगढ़** | **जम्मू एण्ड कश्मीर** | **60** | **8** | **11** | **28** | **107** | **1** | **1** | **2** | **10** | **4** |

जम्मू व कश्मीर (कश्मीर घाटी/लद्दाख) राज्य के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को कश्मीरी या उर्दू भाषा (पढ़ने और बोलने) का अवश्य ज्ञान होना चाहिए और इस आशय की जांच, पात्र उम्मीदवारों के साक्षात्कार के दौरान की जाएगी.

जम्मू व कश्मीर राज्य के लिए चयनित होने वाले उम्मीदवारों की तैनाती बैंक की कश्मीर घाटी/लद्दाख के विभिन्न जिलों की शाखाओं/कार्यालयों में की जाएगी। नव-नियुक्त सहायकों के लिए घाटी/लद्दाख में न्यूनतम तैनाती अवधि 8 वर्ष होगी.

उन जिलों का नाम, जहां के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जा रहा है तथा नियुक्ति होगी :-

**जिलों का नाम**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अनंतनाग | बड़गाम | बांदीपुर | बारामूला | गांदरबल | कारगिल |
| कुपवाड़ा | कुलगाम | लेह | पुलवामा | शोपियां | श्रीनगर |

*** (1) पीडब्ल्यूडी/एक्सएस/डीएक्सएस उम्मीदवारों के लिए आरक्षण समस्तर आरक्षण है और इसमें विभिन्न मूल श्रेणियों के रिक्त-पद शामिल हैं (पीडब्ल्यूडी के लिए पहले के बकाया रिक्त-पदों को छोड़कर).**

*** (2) कुल रिक्त-पदों में से 4.5 प्रतिशत रिक्त-पद, अपंग भूतपूर्व सैनिकों और युद्ध में मारे गए सैनिकों के आश्रितों के लिए एक साथ मिलाकर आरक्षित हैं. नियुक्ति के मामले में, प्रथम प्राथमिकता अपंग भूतपूर्व सैनिकों को दी जाएगी और दूसरी प्राथमिकता युद्ध में मारे गए या गंभीर रूप से अपंग (रक्षा सेवाओं के कारण हुई 50 प्रतिशत से अधिक अपंगता वाले) रक्षा कार्मिकों के आश्रितों को दी जाएगी।**

**संक्षिप्तियां :** जन -सामान्य, एससी - अनुसूचित जाति, एसटी-अनुसूचित जनजाति, ओबीसी - अन्य पिछड़ा वर्ग, पीडब्ल्यूडी - शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्ति, वीआई - दृष्टि बाधित, एचआई - श्रवण बाधित, ओएच - अस्थि कमजोर व्यक्ति, एक्सएस - भूतपूर्व सैनिक, डीएक्सएस - अशक्त भूतपूर्व सैनिक (भूतपूर्व सैनिक के आश्रित).

विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण, विद्यमान सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा.

---

**महत्वपूर्ण टिप्पणी :-**

**(i) ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्त-पद ''गैर-क्रीमी लेयर'' के ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं. ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार जो ''क्रीमी लेयर'' में आते हैं, ओबीसी श्रेणी के लिए उपलब्ध किसी छूट/आरक्षण के हकदार नहीं होंगे. उन्हें अपनी श्रेणी सामान्य अथवा सामान्य (ओएच/वीएच/एचआई), जो भी लागू हो, दर्शानी होगी.**

**(ii) ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ओबीसी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें ''गैर-क्रीमी लेयर'' खंड इंगित हो और जो 01.04.2014 से साक्षात्कार की तारीख, यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, के बीच की अवधि के दौरान जारी किया गया हो, अन्यथा उम्मीदवारों को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

---

उपर्युक्त रिक्त-पद अनंतिम हैं और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार इनमें परिवर्तन किया जा सकता है. योग्यता क्रम सूची राज्यवार और श्रेणीवार तैयार की जाएगी और उम्मीदवारों की तैनाती उसी राज्य में की जाएगी, जिसके लिए आवेदन कर रहे हैं. *(उत्तर प्रदेश या उत्तर प्रदेश (पश्चिम) से उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों की तैनाती उत्तर प्रदेश में कहीं भी की जा सकती है)* और सेवा के प्रथम 5 वर्षों में वे अंतर्राज्यीय/राज्य के अंदर स्थानांतरण के लिए पात्र नहीं होंगे. (कश्मीर घाटी/लद्दाख के लिए 8 वर्ष)

*(अगले पृष्ठ पर जारी...)*

*(पिछले पृष्ठ पर जारी...)*

**1. शैक्षणिक योग्यता : (31.08.2014 को)**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से (स्नातक स्तर) की डिग्री अथवा केंद्र/राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त इसी तरह की अन्य कोई समकक्ष योग्यता. जो उम्मीदवार स्नातक/सेमेस्टर के अंतिम वर्ष में हैं वे भी अस्थायी रूप से इस शर्त के अधीन आवेदन कर सकते हैं कि यदि वे साक्षात्कार के लिए बुलाए जाते हैं, तो उन्हें 31.08.2014 को अथवा उससे पहले स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा.

सूचना : (क) योग्यता परीक्षा पास करने की तारीख वही मानी जायेगी, जो विश्वविद्यालय/संस्थान से जारी अंक तालिका या अनंतिम प्रमाण-पत्र पर दी हुई है. या विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा वेबसाईट पर दी हुई है. **एकीकृत दोहरी डिग्री (आईडीडी) प्रमाण-पत्र वाले उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि आईडीडी उत्तीर्ण करने की तारीख 31.08.2014 या उससे पहले की है.** (ख) भूतपूर्व सैनिक, जो एसएससी पास हैं और भारतीय सेना के विशेष शैक्षणिक प्रमाण-पत्र या भारतीय नौसेना/वायुसेना का समकक्ष प्रमाणपत्र पाया है, और जिन्होंने संघ की भारतीय सेना में 15 वर्ष या अधिक की सेवा प्रदान की है, पात्र हैं, ऐसे प्रमाणपत्र दि. 31.08.2014 या उसके पूर्व प्राप्त किए गए हों. (ग) उम्मीदवार को अंग्रेजी में धारा प्रवाह रूप से लिखने और बोलने में सक्षम होना चाहिए. (घ) स्थानीय भाषा का ज्ञान अतिरिक्त योग्यता मानी जाएगी.

**2. आयु : (01.05.2014 को)**

i. न्यूनतम आयु : 20 वर्ष, अधिकतम 28 वर्ष (01.05.2014 को) जिन उम्मीदवारों का जन्म 02.05.1986 और 01.05.1994 (दोनों दिन सम्मिलित) के बीच हुआ हो केवल वही आवेदन के लिए पात्र हैं.

ii. उच्चतम आयु सीमा में निम्नानुसार छूट दी जाएगी;

| अनु. क्र. | श्रेणी | आयु में छूट |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 2. | अन्य पिछड़ा वर्ग (अ.पि.व.) | 3 वर्ष |
| 3. | पीडब्ल्यूडी (सामान्य) | 10 वर्ष |
| 4. | पीडब्ल्यूडी (अ.जा./अ.ज.जा.) | 15 वर्ष |
| 5. | पीडब्ल्यूडी (अन्य पिछड़ा वर्ग) | 13 वर्ष |
| 6. | जो व्यक्ति जम्मू और कश्मीर राज्य के कश्मीर डिवीजन में 01.01.1980 से 31.12.1989 तक रहे हों. | सा. : 5 वर्ष |
| 7. | भूतपूर्व सैनिक/शारीरिक रूप से अशक्त भूतपूर्व सैनिक | रक्षा सेवा की वास्तविक सेवा अवधि + 3 वर्ष, (8 वर्ष शारीरिक रूप से अशक्त भूतपूर्व सैनिक जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के हैं.) अधिकतम आयु 50 वर्ष |
| 8. | विधवा, तलाकशुदा महिलाएं और अपने पतियों से कानूनी रूप से अलग हुई महिलाएं जिन्होंने पुनःविवाह नहीं किया है. | 9 वर्ष (अधिकतम आयु सीमा सामान्य वर्ग हेतु 35 वर्ष, अपिव के लिए 38 वर्ष और अ.जा./अ.ज.जा. उम्मीदवारों के लिए 40 वर्ष) |

iii. आयु सीमा में छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को यदि वे इस योग्य पाए जाते हैं, तो जरूरी प्रमाण-पत्र (पत्रों) की प्रतियां साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करनी होंगी. ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण के पश्चात्, किसी उम्मीदवार की श्रेणी में कोई परिवर्तन संभव नहीं है. इस संबंध में किसी पत्र-व्यवहार/ई-मेल/फोन पर विचार नहीं किया जाएगा.

iv. **संचयी आयु छूट उपरोक्त मदों के अंतर्गत या किसी अन्य मद के साथ संयुक्त रूप में उपलब्ध नहीं होगी.**

**3. शारीरिक रूप से अशक्त (शा.अ.) व्यक्तियों के लिए आरक्षण :**

अशक्त (शारीरिक रूप से अशक्त) व्यक्तियों के लिए अशक्त व्यक्तियों (समान अवसर, अधिकारों की रक्षा एवं पूर्ण प्रतिभागिता) अधिनियम 1995 (1996 का 1) की धारा 33 के अंतर्गत रिक्त-पद शासकीय नियमानुसार आरक्षित हैं. उपर्युक्त अधिनियम, में दी गई परिभाषा के अनुसार निम्न अशक्तता वाले उम्मीदवार सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं:

अ) दृष्टिहीन ब) अल्प दृष्टि क) श्रवणबाधा ड) चलने-फिरने में बाधा या प्रमस्तिष्कीय प्रक्षाघात.

केवल वे उम्मीदवार आरक्षण/सेवा के पात्र होंगे, जिनमें संबंधित अशक्तता 40% तक हो. जिस व्यक्ति को आरक्षण का लाभ पाना है, उसे केंद्र या राज्य सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड से अशक्तता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा. यह प्रमाणपत्र पंजीकरण की अंतिम तिथि या उससे पूर्व का होना चाहिए.

| संख्या | पद का नाम | पद के लिए उपयुक्त अशक्तता की श्रेणियां |
|---|---|---|
| 1 | लिपिक | ओए, बीएल, ओएल, पीडी, डी, बी, एलवी |

**ओए** - एक हाथ प्रभावित (बायां या दाहिना) (क) दुर्बलता (ख) कमजोर पकड़ (ग) गतिक्रम क्षीणता **बीएल** - दोनों पैर प्रभावित किंतु हाथ प्रभावित नहीं **ओएल** - एक पैर प्रभावित (दाहिना या बायां) **पीडी** - आंशिक बधिर **डी** - बधिर **बी** - दृष्टिहीन **एलवी** - अल्प दृष्टि.

केवल वही दृष्टि कमजोर व्यक्ति आवेदन करने के लिए पात्र है, जो निम्नलिखित में से किसी एक स्थिति से ग्रस्त हैं :-

i) संपूर्ण दृष्टि का अभाव.

ii) वास्तव में दृष्टि सुधारात्मक लेंस के साथ बेहतर आंखों में 6/60 अथवा 20/200 (स्नेलेन) से अधिक नहीं होनी चाहिए.

iii) दृष्टि क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 20 डिग्री का कोण बनाती हो या उससे भी कम.

विकलांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों की सुरक्षा और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के अध्याय-1 , पैरा 2(यू) में यथापरिभाषित उम्मीदवार, जिनके पास कम दृष्टि है.

दृष्टिहीन/अल्प दृष्टि उम्मीदवार, दोनों हाथों और भुजाओं को हिलाने में दुर्बल उम्मीदवार और सेरेबल पाल्सी के कारण लेखन गति में बाधा अनुभव करने वाले उम्मीदवार लिखित परीक्षा में अपने खर्च पर लेखक का उपयोग कर सकते हैं. लेखक का उपयोग करने के सभी मामलों में निम्नलिखित नियम लागू होंगे :

i) उम्मीदवार को लेखक की व्यवस्था स्वयं और अपने खर्च पर करनी होगी.

ii) उम्मीदवार और लेखक दोनों को निर्धारित प्रारूप में लेखक के पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ उपयुक्त वचन-पत्र देते हुए पुष्टि करनी होगी कि लेखक उपरोक्तानुसार सभी निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करता है.

iii) नेत्रहीन/कम दृष्टि वाले उम्मीदवार/वैसे उम्मीदवार, जिनकी दोनों बांहें घूम नहीं सकती हैं और जिनकी लेखन गति प्रभावित है और वैसे उम्मीदवार भी जिनकी लेखन गति मस्तिष्क पक्षाघात द्वारा प्रभावित है, प्रति घंटे की परीक्षा के लिए 20 मिनट प्रतिपूरक समय प्राप्त करने के पात्र हैं.

**4. भूतपूर्व सैनिक**

केवल उन्हीं उम्मीदवारों को भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा जो भारत सरकार, गृह मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की अधिसूचना सं. 36034/5/85 ईएसटीटी (एससीटी) दिनांक 27 अक्टूबर 1986 के अनुसार निर्धारित और समय-समय पर संशोधित की गई परिभाषा को पूरा करते हों.

शारीरिक रूप से अशक्त भूतपूर्व सैनिक : वे भूतपूर्व सैनिक जो संघ की सशस्त्र सेना में दुश्मनों के विरुद्ध अभियान के दौरान अथवा अशांत क्षेत्र में शारीरिक रूप से अशक्त हुए हों, उन्हीं को शारीरिक रूप से अशक्त भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा.

शहीद सैनिकों के आश्रित : निम्नलिखित सैन्य कार्रवाई में शहीद सैनिकों को सैन्य सेवा संबंधी सैन्य कार्रवाई में शहीद माना जाएगा; (क) युद्ध, (ख) युद्ध जैसी सैन्य कार्रवाई या सीमा पर होने वाली मुठभेड़ चाहे पाकिस्तान से युद्ध विराम रेखा पर या किसी अन्य देश से, (ग) सशस्त्र शत्रुओं की घुसपैठ के खिलाफ लड़ाई जैसे नागालैंड, मिजोरम आदि में, (घ) विदेशों में शांति सेना अभियान के दौरान, (ङ) सुरंगे बिछाने या साफ करने, शत्रुओं की सुरंगे भी. साथ ही सैन्य कार्रवाई होने के एक माह पहले से पूर्व व तीन माह बाद तक की अवधि के बीच सुरंग सफाई अभियान भी, (च) वास्तविक सैन्य कार्रवाई के दौरान या सरकार द्वारा निर्धारित अवधि के दौरान हिमाघात, (छ) आंदोलनरत अर्ध-सैनिक बलों के कार्मिकों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई और (ज) श्रीलंका में सैन्य कार्रवाई के दौरान शहीद आईपीकेएफ कार्मिक. ऐसे उम्मीदवारों को आरक्षण, उपलब्ध रिक्त-पदों वाली सारणी के मद संख्या 2 में यथा उल्लिखित रूप में दिया जाएगा.

इस आरक्षण के प्रयोजन के लिए परिवार के सदस्य में, उसकी विधवा, बेटा और बेटी या नजदीकी संबंधी जो उसके परिवार का भरण-पोषण करने के लिए सहमत हैं, शामिल होंगे. भूतपूर्व सैनिकों के लिए उपलब्ध ऊपरी आयु सीमा और शैक्षणिक अर्हताओं में छूट, युद्ध में मारे गए सैनिकों के आश्रितों के लिए उपलब्ध नहीं होगी.

सूचना : 1) (i) सशस्त्र बलों से कार्यमुक्त/ सेवानिवृत्त हुए उम्मीदवारों को, इस विज्ञापन में संलग्न प्रारूप 'ए' के अनुसार प्रमाण-पत्र जमा कराना होगा, (ii) जो उम्मीदवार अभी भी सशस्त्र बलों में कार्यरत हैं, और भूतपूर्व-सैनिक श्रेणी में आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें घोषणा (प्रारूप 'सी') के साथ स्पेसिफिक अपने पीरियड ऑफ़ एंगेजमेंट (एसपीई) पूरा होने की तिथि दर्शाते हुए सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त प्रमाण-पत्र (प्रारूप 'बी') जमा कराना होगा. इस भर्ती में आवेदन करने के लिए सिर्फ़ वही उम्मीदवार पात्र हैं जिनका एसपीई 31.05.2015 को या उससे पहले पूरा होता है. बैंक में कार्यग्रहण करते समय उन्हें कार्यमुक्ति संबंधी पत्र और इस बात की स्व-घोषणा देनी होगी कि, भारत सरकार के नियमों के अनुसार भूतपूर्व-सैनिकों को मान्य लाभ पाने का वह पात्र हैं, (iii) जो उम्मीदवार अपने एंगेजमेंट की आरंभिक अवधि पूरी कर चुके हैं और विस्तारित असाइन्मेंट पर हैं, उन्हें प्रारूप 'डी' के अनुसार प्रमाण-पत्र जमा कराना होगा. उपरोक्त (ii) और (iii) में वर्णित उम्मीदवारों का चयन होने पर, उन्हें 31.07.2015 से पूर्व कार्यमुक्त होकर बैंक में कार्यभार ग्रहण करना होगा. यह प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से साक्षात्कार के समय जमा कराने होंगे. 2) जो भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार केंद्र सरकार के समूह ग और घ के अंतर्गत नौकरी प्राप्त कर चुके हैं, उन्हें उम्र में छूट का लाभ केंद्र सरकार के अंतर्गत समूह ग/घ में उच्च श्रेणी या संवर्ग में अन्य नौकरी के लिए भूतपूर्व सैनिकों हेतु निर्धारित किए गए अनुसार मिलेगा, परंतु ऐसे उम्मीदवार केंद्र सरकार की नौकरियों में भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षण के लाभ के पात्र नहीं होंगे. 3) प्रादेशिक सैन्य कार्मिक को 15.11.1986 से भूतपूर्व सैनिक माना जाएगा. 4) अपनी भूतपूर्व सैनिक स्थिति का उपयोग कर सिविल क्षेत्र में सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके भूतपूर्व सैनिक को दोबारा सरकारी नौकरी के लिए भूतपूर्व सैनिक नहीं माना जायेगा.

**5. चयन प्रक्रिया :**

सभी पात्र उम्मीदवारों को पंजीकरण हेतु अन्तिम तिथि से पूर्व ऑन-लाइन आवेदन करना चाहिए.

क) अंतिम चयन, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के समग्र आधार पर किया जाएगा. केवल पात्रता मानदंड पूरे करने से ही वह लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का पात्र नहीं होता है.

ख) लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी, जिसमें (i) सामान्य सचेतता (ii) सामान्य अंग्रेजी (iii) परिमाणात्मक योग्यता (iv) तर्क शक्ति (v) विपणन कार्य में क्षमता/कम्प्यूटर ज्ञान शामिल होगा. वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं के प्रश्न सामान्य अंग्रेजी को छोड़कर दो भाषाओं यानी अंग्रेजी और हिन्दी में छपे होंगे. प्रत्येक परीक्षा 40 अंकों की होगी. इन वस्तुनिष्ठ प्रकार की कुल 200 अंकों की जांच परीक्षाओं के लिए उम्मीदवारों को कुल 2 घंटे 15 मिनट का समय दिया जाएगा.

वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं में गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंक होंगे. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/4 अंक काट लिए जायेंगे. उम्मीदवारों को प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में उत्तीर्ण होना होगा.

प्रत्येक परीक्षा में उत्तीर्णांक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे, जो प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवारों की प्रत्येक परीक्षा में सामूहिक प्रदर्शन से लेकर न्यूनतम आवश्यक स्तर को प्रत्येक परीक्षा के साथ मिलाने के आधार पर तय किए जाएंगे. उम्मीदवारों को साक्षात्कार का पात्र बनने के लिए कुल मिलाकर न्यूनतम प्रतिशत अंक भी प्राप्त करने होंगे. (अजा/अजजा/अपिव/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को इस पर 5% छूट मिलेगी). कुल न्यूनतम प्रतिशत अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे.

**ध्यान दें :** लिखित परीक्षा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी 'अक्वेंट योरसेल्फ' पुस्तिका में दी जाएगी जो परीक्षा के बुलावा पत्र के साथ पात्र उम्मीदवारों को उपलब्ध कराई जाएगी.

ग) **साक्षात्कार:** रिक्त पदों की संख्या के आधार पर योग्यता क्रम में उच्च स्थान प्राप्त करने वालों में से निश्चित संख्या (अधिकतम रिक्त-पदों का तीन गुना) में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. जो उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए योग्य माने जाएंगे उन्हें चयन हेतु विचार करने के लिए साक्षात्कार में न्यूनतम प्रतिशत अंक (बैंक द्वारा तय किए जाएंगे) प्राप्त करना आवश्यक है (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व/शा.अ. के लिए 5% की छूट होगी). अंतिम चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में उम्मीदवार के समग्र निष्पादन के आधार पर ही किया जाएगा.

**टिप्पणी:** ऑनलाइन जांच परीक्षा के परिणाम की घोषणा के पश्चात् साक्षात्कार कॉल लेटर को बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा. उम्मीदवारों को इसे हमारी वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा. साक्षात्कार कॉल लेटर डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा.

**लिखित परीक्षा की तिथि :** परीक्षा अनंतिम रूप से जुलाई/अगस्त 2014 में आयोजित की जाएगी.

(परीक्षा की तिथि बदलने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा)

**6. परिलब्धियां :**

वर्तमान में लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी को देय कुल प्रारंभिक परिलब्धियां वर्तमान दर पर महँगाई भत्ते तथा अन्य भत्तों सहित मुम्बई जैसे महानगर में स्नातकों के लिए लगभग कुल प्रारंभिक परिलब्धियां ₹17,500/- प्रति माह हैं, नियुक्ति स्थान के आधार पर भत्ते में भिन्नता हो सकती है.

**7. वेतनमान**

7200-400/3-8400-500/3-9900-600/4-12300-700/7-17200-1300/1-18500-800/1-19300. (समीक्षाधीन)

**8 प्रोबेशन अवधि :** चयनित उम्मीदवार कार्यभार ग्रहण करते समय लागू बैंक के सेवा नियमों की निबंधनों एवं शर्तों द्वारा शासित होंगे. नव-नियुक्त सहायक न्यूनतम 6 माह के प्रोबेशन के अधीन रहेंगे. बैंक में स्थायी होने के लिए, नव-नियुक्त सहायकों को प्रोबेशन अवधि के दौरान 15 निर्धारित ई-पाठ्यक्रम पूरे करने होंगे, इसमें असफल होने तथा ई-पाठ्यक्रम पूरा न करने तक, प्रोबेशन अवधि को आगे बढ़ाया जाएगा. 15 निर्धारित ई-पाठ्यक्रम (प्रोबेशन अवधि के लिए) में कार्य आधारित ई-पाठ्यक्रम शामिल हैं. इसके अतिरिक्त, प्रोबेशन अवधि समाप्त होने के पहले नए भर्ती कर्मचारियों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन किया जाएगा और उन कर्मचारियों की प्रोबेशन अवधि बढ़ाई जा सकती है, जिनका कार्य-निष्पादन बैंक की उम्मीदों को पूरा नहीं करता है.

**9. आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (अप्रतिदेय)**

| अ. क्र. | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| 1. | अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी/एक्सएस | रु. 100/- (सिर्फ सूचना प्रभार) |
| 2. | सामान्य और अपिव | रु. 450/- (आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार) |

एक बार जमा किए गए परीक्षा शुल्क को न तो लौटाया जाएगा, न ही भविष्य में आयोजित की जाने वाली भर्ती परियोजनाओं के प्रति समायोजित किया जाएगा. भारतीय डाक आदेश, बैंक ड्राफ़्ट, चेक, करेंसी नोट्स आदि के माध्यम से भेजा गया शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा. ऐसे आवेदनों को शुल्क रहित माना जाएगा और सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा. उम्मीदवारों को ऑनलाइन शुल्क भुगतान का विकल्प भी है, जिसका ब्यौरा मद संख्या 12 में दिया गया है.

**10. परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण**

एसबीआई भारत सरकार द्वारा जारी किए दिशा-निर्देशों के अनुरूप अनुसूचित जाति/जनजाति/धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय एवं भूतपूर्व सैनिक के उम्मीदवारों के लिए कतिपय केंद्रों पर परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था बैंक द्वारा की जा सकती है. उपयुक्त श्रेणी के उम्मीदवार जो अपने स्वयं के खर्च पर ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हों, वे इस आशय की सूचना आवेदन पत्र में दे सकते हैं. नीचे दिए प्रशिक्षण केंद्र केवल संकेत के लिए हैं. कुछ अतिरिक्त केंद्रों पर प्रशिक्षण आयोजित करने अथवा प्रशिक्षण के लिए सूचित कुछ केंद्रों को हटाने का विवेकाधिकार बैंक को होगा. पूर्व-परीक्षा प्रशिक्षण का चयन करनेवाले उम्मीदवार अपना पंजीकरण क्रमांक और पासवर्ड/जन्म तिथि दर्ज करके 30.06.2014 के बाद प्रशिक्षण के लिए अपने बुलावा पत्र डाउनलोड कर सकते हैं. (हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी).

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अगरतला | आगरा | अहमदाबाद | आइजोल | अकोला | इलाहाबाद |
| आसनसोल | औरंगाबाद | बरेली | भुवनेश्वर | ब्रह्मपुर (गंजम) | |
| भोपाल | बंगलोर | चंडीगढ़ | चेन्नई | कोयंबतूर | देहरादून |
| डिब्रूगढ़ | एर्णाकुलम | गंगटोक | गोरखपुर | गुलबर्गा | गुवाहाटी |
| हुबली | हैदराबाद | इम्फाल | इंदौर | इटानगर | जबलपुर |
| जयपुर | कानपुर | कोहिमा | कोलकाता | लखनऊ | मदुराई |
| मेरठ | मुंबई | मैसूर | नागपुर | नई दिल्ली | पणजी (गोवा) |
| पटना | पोर्ट ब्लेयर | पूर्णिया | पुणे | रायपुर | राँची |
| संबलपुर | सिलचर | सिलीगुड़ी | शिलांग | श्रीनगर | तिरुपति |
| वडोदरा | वाराणसी | विशाखापट्टनम | विजयवाड़ा | | |

परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए संबंधित परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र पर उपस्थित होने के लिए यात्रा, भोजन, ठहरने आदि के संबंध में व्यय उम्मीदवार को वहन करने होंगे.

**11 लिखित परीक्षा के लिए कॉल लेटर (बुलावा पत्र):**

उम्मीदवारों को 09.07.2014 से बैंक की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण नंबर और पासवर्ड/जन्मतिथि दर्ज करके अपना कॉल लेटर तथा एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका को डाउनलोड करना होगा. **डाक से कॉल लेटर/एक्वेंट योरसेल्फ पुस्तिका की हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी.**

*(अगले पृष्ठ पर जारी...)*

(पिछले पृष्ठ पर जारी...)

परीक्षा के समय पहचान का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा:

उम्मीदवार अपने साथ फोटो वाला पहचान का प्रमाण जैसे कि पासपोर्ट/आधार/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/मतदाता पहचान पत्र/सत्यापित फोटोग्राफ वाला बैंक पासबुक/स्कूल या कॉलेज द्वारा जारी परिचय पत्र/राजपत्रित अधिकारी द्वारा अपने शासकीय लेटर हेड में जारी परिचय-पत्र मूल रूप में तथा सत्यापित फोटोकॉपी लेकर आएं. बुलावा पत्र के साथ पहचान प्रमाण की फोटोकॉपी परीक्षा हॉल में परीक्षा पर्यवेक्षक के पास प्रस्तुत की जानी चाहिए, ऐसा न करने पर या किसी उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध होने पर, उस उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

**परीक्षा केंद्र (अनंतिम सूची):**

परीक्षा, अनुलग्नक-I में उल्लिखित केंद्रों में हो सकती है और परीक्षा स्थल के पते के बारे में सूचना बुलावा पत्र में दी जाएगी. बैंक को किसी भी परीक्षा केंद्र को रद्द करने तथा/अथवा प्रतिक्रिया, प्रशासनिक व्यवहार्यता आदि पर निर्भर करते हुए, अपनी स्वेच्छा से कुछ अन्य केंद्र शामिल करने का अधिकार है. बैंक के पास, यदि अपेक्षित हो, तो किसी उम्मीदवार द्वारा चुने गए केंद्र से इतर उसे कोई अन्य केंद्र आवंटित करने का अधिकार भी सुरक्षित है.

उम्मीदवार अपने ऑन-लाइन आवेदन पत्र में उस केन्द्र का नाम व कोड संख्या का उल्लेख करें जिस केन्द्र में वह परीक्षा देना चाहता/चाहती हो. लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को अपने स्वयं के व्यय व जोखिम पर उपस्थित होना होगा और किसी भी प्रकार की चोट या हानि आदि के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा. **किसी भी स्थिति में परीक्षा केन्द्र के चुनाव में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया आएगा. बैंक के पास अपने विवेकाधिकार के अन्तर्गत किसी भी परीक्षा केन्द्र को हटाने या नया परीक्षा केन्द्र को शामिल करने या परीक्षा की तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है. जिन राज्यों में रिक्त-पदों के संबंध में विज्ञापन नहीं दिया गया है, उन राज्यों में परीक्षा आयोजित नहीं की जायेगी.**

**12. आवेदन कैसे करें:**

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशा-निर्देश:** (ऑनलाइन आवेदन के लिए पूर्व-जरूरी बातें: उम्मीदवार के पास अपनी वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए, जो अंतिम परिणाम आने तक सक्रिय रखी जानी चाहिए.) ई-मेल के जरिए उसे बुलावा पत्र/साक्षात्कार आदि के लिए सूचना प्राप्त करने में मदद मिलेगी. उम्मीदवारों को पहले बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com या www.sbi.co.in के माध्यम से खुद का ऑनलाइन पंजीकरण करना आवश्यक है. उसके बाद उम्मीदवारों को या तो ऑनलाइन (डेबिट/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग) या ऑफलाइन विधि से अपेक्षित आवेदन शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है:

**विकल्प-I : शुल्क का भुगतान (ऑफलाइन):**

i) उम्मीदवार पहले अपना फोटोग्राफ और हस्ताक्षर, फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैनिंग के लिए दिशा-निर्देशों के अनुसार स्कैन करें.

ii) उम्मीदवार बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com या www.sbi.co.in पर जाएं और 'रिक्रूटमेंट लिंक' में उपलब्ध सही ऑनलाइन आवेदन प्रारूप को खोलें.

iii) आवेदन ध्यानपूर्वक भरें. (उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व आवेदन का प्रिंट-आउट ले लें और इसकी शुद्धता की जांच ध्यानपूर्वक कर लें. यदि कोई विसंगति सामने आए, तो वे उसे ठीक कर सकते हैं. परिवर्तन/सुधार के पश्चात वे इसे प्रस्तुत कर सकते हैं) आवेदन पूर्णत: भर लेने के पश्चात ही उम्मीदवारों को डाटा प्रस्तुत करना चाहिए. आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात आवेदन में किसी प्रकार के परिवर्तन/सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी. यदि उम्मीदवार एक बार में पूरा डाटा भरने में सक्षम न हों, तो वे पहले से प्रविष्ट किए गए डाटा को सेव कर सकते हैं. डाटा सेव होने के पश्चात सिस्टम द्वारा पंजीकरण संख्या और पासवर्ड स्वत: उत्पन्न हो जाएंगे और स्क्रीन पर दिखाई देंगे. उम्मीदवारों को पंजीकरण संख्या और पासवर्ड नोट कर लेना चाहिए. पंजीकरण संख्या और पासवर्ड की सूचना देने वाले ई-मेल और एसएमएस भेजे जाएंगे. वे पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का इस्तेमाल करके सेव किए गए डाटा को पुन: खोल सकते हैं और आवश्यक हो, तो उसमें सुधार या परिवर्तन कर सकते हैं. इसमें संपादन या सुधार करने की सुविधा मात्र तीन-बार ही उपलब्ध होगी. उम्मीदवारों को सिस्टम द्वारा उत्पन्न शुल्क भुगतान चालान का प्रिंट-आउट तत्काल ले लेना चाहिए. यह पंजीकरण अनंतिम है. सिस्टम द्वारा उत्पन्न शुल्क, भुगतान चालान फार्म आवश्यक शुल्क के साथ भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा. शुल्क भुगतान करने पर ऑनलाइन आवेदन का पंजीकरण पूरा हो जाएगा.

iv) शुल्क भुगतान: पंजीकरण तिथि के बाद दूसरे कार्य दिवस से शुल्क भुगतान स्वीकार किया जाएगा और तीन कार्य दिवस के अंदर भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा के अंदर भुगतान किया जा सकेगा. जिन उम्मीदवारों ने पंजीकरण का विकल्प चुना है, उन्हें निश्चित रूप से शुल्क जमा करना आवश्यक है. शुल्क जमा करने के लिए प्रणाली द्वारा तैयार शुल्क भुगतान चालान को काम में लिया जाएगा. शुल्क का भुगतान होते ही पंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो जाएगी.

v) शुल्क भुगतान की तारीख से तीन कार्य दिवसों के बाद एसएमएस/ई-मेल द्वारा उम्मीदवारों को पंजीकरण पुष्टि प्राप्त होगी. कृपया पंजीकरण पुष्टि प्राप्त करने के लिए सही मोबाइल नंबर/ ई-मेल पता सुनिश्चित करें.

टिप्पणी: शुल्क भुगतान करने के तीन दिनों के पश्चात्, शुल्क के विवरण वाले जमा किए गए आवेदन का पुन: प्रिंट लेने की भी व्यवस्था है.

**विकल्प II: शुल्क का भुगतान (ऑनलाइन):**

i. ऊपर विकल्प – 1 के i) से ii) तक के अनुदेशों के अनुसार आवेदन विवरण भरें. शुल्क भुगतान चालान प्रणाली द्वारा तैयार नहीं होगा. शुल्क भुगतान वहाँ उपलब्ध पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा.

ii. आवेदन पत्र में भरे विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवार को स्क्रीन पर उपलब्ध अनुदेशों के अनुसार आवेदन पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके पश्चात कोई परिवर्तन/संशोधन अनुमत नहीं किया जाएगा.

iii. स्क्रीन पर मांगी जा रही जानकारी देते हुए डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करके भुगतान किया जा सकता है. ऑनलाइन लेनदेन व्यय, अगर कोई है, तो उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा..

iv. आवेदन जमा करने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो जाने पर ई-पर्ची और आवेदन फार्म उत्पन्न होगा; आप अपने रेकॉर्ड के लिए इसका प्रिंट ले सकते हैं. यदि ऑनलाइन ट्रांजेक्शन असफल हो जाता है, यानी यदि (आपके खाते से पैसा डेबिट हो जाने के बाद भी), ट्रांजेक्शन सफलतापूर्वक पूरा न हो सके, तो पुन: रजिस्टर करें और परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करें. ट्रांजेक्शन असफल होने के बावजूद खाते से पैसे डेबिट हो जाने की स्थिति में, पैसे उचित समय के अंदर आपके खाते में लौटा दिए जाएंगे.

**टिप्पणी : बाद में ई-पर्ची और शुल्क संबंधी विवरण वाले आवेदन पत्र के री-प्रिंट लेने की भी व्यवस्था है. ई-पर्ची/परीक्षा शुल्क संबंधी विवरण वाले आवेदन के जनरेट होने के पश्चात पंजीकरण पक्का हो जाता है.**

**महत्वपूर्ण टिप्पणी: आवेदन का शुल्क/सूचना प्रभारों के उचित भुगतान के बिना कोई भी आवेदन वैध नहीं होगा.**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा शुल्क/सूचना प्रभार जमा करने के 3-4 दिनों के पश्चात अपने ऑनलाइन आवेदन फार्म का प्रिंट-आउट ले लें और अपने रेकॉर्ड के लिए रख लें. यदि पंजीकरण पूरा हो जाता है, तो आवेदन पत्र में परीक्षा शुल्क का ब्यौरा दिया होगा।

**(पंजीकरण हेल्प डेस्क ई-मेल पता: sbiclk14@ibpsorg.org)**

**13. फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर के स्कैनिंग के लिए दिशा-निर्देश**

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को अनुलग्नक-I में निर्देशित विशेष विवरण के अनुसार अपने फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैन्ड (डिजिटल) इमेज बनानी होगी. जब तक उम्मीदवार का फोटो और हस्ताक्षर निर्धारित रूप से अपलोड नहीं होता, तब तक उनका ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा.

कृपया ध्यान दें:

**क. यदि फोटोग्राफ में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है.**

ख. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व अपने सिस्टम द्वारा जनरेटेड ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट-आउट ले लें और जांच लें कि फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्पष्ट हैं अथवा नहीं ।

ग. यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार आवेदन में परिवर्तन कर सकता है और अपना फोटोग्राफ या हस्ताक्षर फिर से अपलोड कर सकता है. तथापि, जैसा कि पहले बताया जा चुका है, आवेदन प्रस्तुत करने से पहले संपादन की सुविधा मात्र तीन-बार ही उपलब्ध होगी ।

**14. महत्वपूर्ण सूचना**

क) उम्मीदवार जो सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थाओं सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत हैं, उनको साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं किया जाएगा और यात्रा खर्च, यदि कोई हो, अन्यथा स्वीकार्य हो, भुगतान नहीं किया जाएगा.

ख) चयन के मामले में, उम्मीदवारों की नियुक्ति के समय नियोक्ता से उचित कार्य-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा.

ग) यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो एससी/एसटी उम्मीदवारों से भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

घ) अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में आरक्षण पाने के इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में यह घोषणा करनी होगी कि वे निर्णायक तारीख को क्रीमी लेयर का नहीं है. जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाए, इस पद के लिए ऑनलाइन भर्ती आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तारीख निर्णायक तारीख मानी जाए । ऐसे उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय, यदि बुलाया जाता है, तो उन्हें भारत सरकार द्वारा निर्धारित 'नॉन क्रीमी लेयर' खंड वाले प्रपत्र में ..................की अवधि के दौरान सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा.

**15. कदाचार में दोषी उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई:**

उम्मीदवारों को सावधान किया जाता है कि आवेदन पत्र भरते समय ऐसे कोई विवरण न दें जो झूठे हों, जिनके साथ छेड़छाड़ की गई हो / मनगढ़ंत हों और वे कोई भी जानकारी न छिपाएँ.

लिखित परीक्षा / साक्षात्कार के समय यदि कोई उम्मीदवार

i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग या (ii) किसी और के नाम पर परीक्षा देने का या किसी और को अपने नाम से परीक्षा देने के लिए भेजना (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार या (iv) चयन हेतु अपनी उम्मीदवारिता के संबंध में किसी अनियमित एवं अनुचित साधनों का प्रयोग (v) किसी भी अनुचित साधनों द्वारा अपनी उम्मीदवारिता के लिए सहारा लेने में दोषी पाए जाते हैं, तो ऐसे उम्मीदवार आपराधिक मुकदमे हेतु उत्तरदायी होने के साथ साथ

क) जिस परीक्षा में वह उम्मीदवार है, उसमें अयोग्य घोषित होने

ख) एक निश्चित समय या हमेशा के लिए बैंक द्वारा आयोजित परीक्षा या भर्ती में भाग लेने से वंचित रहने का उत्तरदायी होगा.

ii) **समान प्रवृत्तियों की जांच हेतु बैंक उम्मीदवार के उत्तरों (रिस्पॉन्स) का विश्लेषण दूसरे उम्मीदवारों के साथ करेगा. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह शंका पाई जाती है कि उत्तर साझे स्तर पर किए गए हैं और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं हैं, तो बैंक के पास उसकी उम्मीदवारिता को समाप्त करने के समस्त अधिकार सुरक्षित हैं.**

iii) **मोबाइल फोन, पेजर्स, कैलक्युलेटर्स या ऐसे किसी अन्य साधन का इस्तेमाल करना:**

निम्नलिखित का अनुसरण सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा परिसर में प्रवेश करने के पूर्व उम्मीदवारों की तलाशी ली जा सकती है:

क) परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या अन्य कोई संचार साधन ले जाने की अनुमति नहीं है. जो उम्मीदवार इन अनुदेशों का उल्लंघन करेगा उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भविष्य की परीक्षाओं में प्रतिबंध करना भी शामिल है.

ख) उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि प्रतिबंधित चीजें, जैसे कि मोबाइल फोन/पेजर्स आदि परीक्षा केंद्र में न लाएं, क्योंकि इनको सुरक्षा के साथ रखने का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है.

ग) उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्युलेटर्स इस्तेमाल करने या रखने की अनुमति नहीं है.

**16. सामान्य जानकारी:**

आवेदित पद के लिए आवेदन करने से पूर्व आवेदक को इस बात की संतुष्टि कर लेनी चाहिए कि निर्दिष्ट तिथि तक वे पात्रता तथा अन्य मापदंडों को पूरा करते हैं. उम्मीदवार ने ऑनलाइन पंजीकरण के समय प्रस्तुत की गयी जानकारी के आधार पर बैंक उम्मीदवारों को आवश्यक शुल्क (जहां भी लागू हो) जमा करने पर लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश देगा और साक्षात्कार के समय उनकी पात्रता के बारे में निर्णय लेगा. उम्मीदवार को मात्र कॉल लेटर भेजने का तात्पर्य यह नहीं है कि बैंक द्वारा उनकी उम्मीदवारिता को अंतिम रूप से स्वीकृति दे दी गई है.

i) **उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे शुल्क जमा कराने के लिए अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किये बगैर ऑनलाइन आवेदन करें ताकि इंटरनेट पर अत्यधिक लोड या वेबसाइट जैम के कारण वेबसाइट को लॉग ऑन में नाकामी/अक्षमता/डिसकनेक्शन की आशंका से बचा जा सके.**

ii) उपरोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से परे अन्य कोई कारण से अंतिम तिथि से पहले उम्मीदवार द्वारा अपना आवेदन न जमा करा पाने के लिए एसबीआई उत्तरदायी नहीं होगा.

iii) उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया जाना चाहिए. एक से अधिक आवेदन की स्थिति में केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन रखा जाएगा और अन्य पंजीकरणों के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/इंटिमेशन चार्ज जब्त कर लिया जाएगा. ऑनलाइन परीक्षा और/साक्षात्कार में किसी उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक उपस्थिति को सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा/पात्रता रद्द कर दी जाएगी.

iv) परीक्षा के आयोजन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है जिससे परीक्षा तथा/अथवा परिणाम प्रभावित हो सकते हैं. ऐसी स्थिति में इस समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा जिसमें, यदि आवश्यक हुआ, तो दूसरी परीक्षा का आयोजन करना भी शामिल है.

v) भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि पाया गया कि, उम्मीदवार पात्रता के योग्य नहीं है/अथवा उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या तथ्यों को छुपाया है, तो ऐसे उम्मीदवार की पात्रता रद्द कर दी जायेगी. यदि इस तरह की गड़बड़ियां नियुक्ति उपरांत भी जानकारी में आती है, तो उस उम्मीदवार की सेवाएं समाप्त कर दी जायेगी.

vi) उम्मीदवार अपना ई-मेल आईडी चालू रखें ताकि उन्हें सूचनाएं जैसे कि कॉल लेटर/साक्षात्कार सूचना आदि मिल सके.

vii) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति बैंक की आवश्यकतानुसार, चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ/फिट होने के अध्यधीन है. ऐसी नियुक्ति, बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन होगी.

viii) **पात्रता, लिखित परीक्षा लेने, अन्य परीक्षाएं, चयन बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा. बैंक द्वारा इस संबंध में किसी तरह के आवेदन या पत्र-व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा.**

इस विज्ञापन तथा उसके प्रत्युत्तर में आवेदन से उत्पन्न किसी दावे या विवाद हेतु कानूनी कार्रवाई मुंबई में ही शुरू की जा सकेगी और केवल मुंबई स्थित न्यायालय/ट्रिब्यूनल/फोरम को ही ऐसे किसी मुद्दे/विवाद को निपटाने का एकल और एकमात्र अधिकार होगा.

x) उम्मीदवारों का चयन मुख्यत: परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा. जहाँ भी आवश्यक समझा जाएगा, बैंक को किसी भी पद के लिए कौशल परीक्षा/कोई अन्य परीक्षा आयोजित करने संबंधी निर्णय लेने का अधिकार होगा.

परीक्षा के लिए प्रवेश पूरी तरह से अनन्तिम होगा और इसके लिए उम्मीदवार की आयु/शैक्षणिक योग्यता/श्रेणी (अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी/एक्सएस) आदि से संबंधित दस्तावेजों की जांच नहीं की जाएगी.

xi) उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के उत्तर सामान्य अंग्रेजी प्रश्नपत्र को छोड़कर हिंदी या अंग्रेजी में लिखने का विकल्प उपलब्ध है.

xii) उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए अपने खर्चे से उपस्थित होना होगा. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अजा/अजजा/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को नजदीकी मार्ग से द्वितीय श्रेणी रेल और बस का आने-जाने का किराया दिया जाएगा बशर्ते कि वे अपने यात्रा का प्रमाण प्रस्तुत करें (रेल/बस टिकट/रसीद आदि.).

xiii) नये भर्ती होने वाले उम्मीदवारों में मार्केटिंग के लिए सहज प्रवृत्ति होनी चाहिए और उन्हें ग्राहकों से सम्पर्क करना होगा तथा बैंक परिसर के अन्दर तथा बाहर बैंकिंग सेवाएं, सलाहकारी सेवाएं तथा परस्पर बिक्री उत्पाद आदि प्रदान करना होगा. कार्यों में गहन बाहरी यात्रा शामिल होगी. आवश्यकता के आधार पर लचीला कारोबार समय तथा पारियों में कार्य हो सकता है.

xiv) चूंकि ऑनलाइन जांच परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाने के एक वर्ष के पश्चात् इस परियोजना से संबंधित रिकॉर्ड हटा दिए जाएंगे, अत: इस परियोजना से संबंधित सूचना/डाटा इसके पश्चात् उपलब्ध नहीं होगी.

xv) भारतीय स्टेट बैंक के लिपिक संवर्ग में पहले से कार्यरत उम्मीदवार इस परियोजना के तहत आवेदन करने के पात्र नहीं हैं. जो उम्मीदवार पहले भारतीय स्टेट बैंक में कार्यरत थे और बैंक से त्यागपत्र दे चुके हैं, चाहे वे लिपिक या अधिकारी संवर्ग में थे, ऐसे उम्मीदवार भी आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं.

**किसी भी तरह की सिफारिश अयोग्यता मानी जाएगी.**

**मुंबई** | **महाप्रबंधक**
**दिनांक : 22.05.2014** | **(सीआरपीडी)**

**प्रिंटिंग त्रुटि कोई हो, के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं है.**

(अगले पृष्ठ पर जारी...)

(पिछले पृष्ठ पर जारी...)

## अनुलग्नक – I

### परीक्षा केन्द्र (अनंतिम सूची)

| राज्य कोड | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | केन्द्र |
|---|---|---|
| 11 | अंडमान और निकोबार | पोर्ट ब्लेयर |
| 12 | आंध्र प्रदेश | चिराला<br>चित्तूर<br>गुंटूर<br>हैदराबाद<br>काकीनाडा<br>करीमनगर<br>खम्मम<br>कुरनूल<br>नेल्लोर<br>ओंगोले<br>पुत्तूर<br>राजमुंदरी<br>श्रीकाकुलम<br>तिरूपति<br>विजयवाड़ा<br>विशाखापट्टनम<br>विजयनगरम<br>वारंगल |
| 13 | अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर<br>नाहरलागुन |
| 14 | असम | डिब्रूगढ़<br>गुवाहाटी<br>जोराहट<br>कोकराझाड़<br>सिलचर<br>तेजपुर |
| 15 | बिहार | आरा<br>औरंगाबाद<br>बिहार शरीफ<br>भागलपुर<br>दरभंगा<br>गया<br>हाजीपुर<br>मुजफ्फरपुर<br>पटना<br>पूर्णिया<br>समस्तीपुर<br>सीवान |
| 16 | चण्डीगढ़ | चण्डीगढ़ |
| 17 | छत्तीसगढ़ | भिलाई<br>बिलासपुर<br>रायपुर |
| 18 | गोवा | पणजी<br>वेर्णा |
| 19 | गुजरात | अहमदाबाद<br>आणंद<br>गांधीनगर<br>हिम्मतनगर<br>जामनगर<br>मेहसाणा<br>राजकोट<br>सूरत<br>वडोदरा |
| 20 | हरियाणा | अंबाला<br>बहादुरगढ़<br>हिसार<br>करनाल<br>कुरुक्षेत्र<br>पानीपत<br>पलवल<br>रोहतक<br>सोनीपत<br>यमुनानगर |
| 21 | हिमाचल प्रदेश | बद्दी<br>बिलासपुर<br>धरमशाला<br>हमीरपुर<br>कांग्रा<br>कुल्लू<br>मंडी<br>शिमला<br>सिरमौर<br>सोलन<br>उना |
| 22 | जम्मू और कश्मीर | जम्मू<br>कठुआ<br>सांबा<br>श्रीनगर |
| 23 | झारखंड | बोकारो<br>धनबाद<br>हजारीबाग<br>जमशेदपुर<br>राँची |
| 24 | कर्नाटक | बेलगांव<br>बेंगलूरू<br>बीदर<br>गुलबर्गा<br>हुबली<br>मैंगलूर<br>मैसूर<br>शिमोगा<br>उडिपी |
| 25 | केरल | अलापुझा<br>कण्णूर<br>कोच्चि<br>कोल्लम<br>कोट्टायम<br>कोझिकोड<br>मलप्पुरम<br>पालक्काड<br>त्रिचुर<br>तिरुवनन्तपुरम |
| 27 | मध्य प्रदेश | भोपाल<br>ग्वालियर<br>इंदौर<br>जबलपुर<br>सतना<br>सागर<br>उज्जैन |
| 28 | महाराष्ट्र | अमरावती<br>औरंगाबाद<br>चंद्रपुर<br>धुले<br>जलगाँव<br>कोल्हापुर<br>लातूर<br>मुंबई/ ठाणे/ नवी मुंबई<br>नागपुर<br>नांदेड<br>नाशिक<br>पुणे<br>रत्नागिरि<br>सांगली<br>सतारा |
| 29 | मणिपुर | इंफाल |
| 30 | मेघालय | री भोई<br>शिलांग |
| 31 | मिजोरम | आइजोल |
| 32 | नागालैण्ड | कोहिमा |
| 33 | दिल्ली– एनसीआर | दिल्ली<br>फरीदाबाद<br>गाजियाबाद<br>ग्रेटर नोएडा<br>गुडगाँव |
| 34 | ओडिशा | अनुगुल<br>बालेश्वर<br>बारगड़<br>बारिपदा<br>ब्रम्हपुर (गंजम)<br>भुवनेश्वर<br>कटक<br>ढेन्कानाल<br>झारसुगड़ा<br>राउरकेला<br>संबलपुर |
| 35 | पुदुचेरी | पुदुचेरी |
| 36 | पंजाब | अमृतसर<br>भटिंडा<br>फतेहगढ़ साहिब<br>जालंधर<br>लुधियाना<br>मोहाली<br>पठानकोट<br>पटियाला<br>फागवाड़ा<br>संगरूर |
| 37 | राजस्थान | अजमेर<br>अलवर<br>भीलवाड़ा<br>बीकानेर<br>जयपुर<br>जोधपुर<br>कोटा<br>सीकर<br>उदयपुर |
| 38 | सिक्किम | गंगटोक |
| 39 | तमिलनाडु | चेन्नई<br>कोयंबतूर<br>डिंडिगुल<br>कृष्णगिरि<br>मदुराई<br>नागेरकॉईल<br>नमक्कल<br>पेरंबलुर<br>सलेम<br>तंजावुर<br>तिरुचिरापल्ली<br>तिरुनेल्वेली<br>थुथुकुडी<br>वेल्लोर |
| 40 | त्रिपुरा | अगरतला |
| 41 | उत्तर प्रदेश | आगरा<br>अलीगढ़<br>इलाहाबाद<br>बरेली<br>बुलन्दशहर<br>गोरखपुर<br>झाँसी<br>कानपुर<br>लखनऊ<br>मथुरा<br>मेरठ<br>मुरादाबाद<br>मुजफ्फरनगर<br>उन्नाव<br>वाराणसी |
| 42 | उत्तराखंड | देहरादून<br>हल्दवानी<br>हरिद्वार<br>रुड़की |
| 43 | पश्चिम बंगाल | आसनसोल<br>ब्रम्हपुर (पश्चिम बंगाल)<br>बर्धमान<br>दुम्कल<br>दुर्गापुर<br>हुगली<br>हावड़ा<br>कल्याणी<br>कोलकाता<br>सिलीगुड़ी |

(अगले पृष्ठ पर जारी...)

(पिछले पृष्ठ पर जारी...)

## अनुलग्नक – II

i) **फोटोग्राफ इमेज :**

- फोटोग्राफ पासपोर्ट आकार का रंगीन और नवीनतम होना चाहिए.
- हल्की विशेषकर श्वेत पार्श्वभूमि युक्त रंगीन फोटोग्राफ.
- फोटोग्राफ के समय कैमरे की दिशा में तनावरहित सीधा चेहरा रखें.
- अगर फोटोग्राफ दिन के प्रकाश में हो, तो सूरज प्रतिमा के पीछे हो या आप अपने आपको छाया में रखे ताकि आपकी आंखे छोटी न लगें और अन्य कोई छाया का आवरण उस पर न हो.
- अगर आपको फ्लैश इस्तेमाल करना हो, तो उस पर 'रेड–आई' न हो.
- अगर आप ऐनक का प्रयोग करते हैं, तो वहां प्रकाश परावर्तन न हो और आपकी आंखे स्पष्ट नजर आएं.
- टोपियां, हैट्स और काला चश्मा स्वीकार नहीं होगा. धार्मिक कारणों से पगड़ी जैसे वस्त्र की अनुमति है बशर्ते उससे आपका चेहरा न ढंके.
- परिमाप 200 X 230 पिक्सेल (अधिमानतः)
- फाइल की साइज 20 केबी – 50 केबी के बीच
- यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किये हुए फोटोग्राफ की साइज 50 केबी से अधिक न हो. अगर फाइल की साइज 50 केबी से अधिक है, तो स्कैनर के सेटिंग का समायोजन करें जैसेकि डीपीआई रिसोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि.

ii) **हस्ताक्षर इमेज**

- आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पेन से हस्ताक्षर करें.
- हस्ताक्षर केवल आवेदक का हो, अन्य किसी का नहीं.
- अगर परीक्षा के समय आवेदक का उत्तर पुस्तिका पर किया गया हस्ताक्षर हॉल टिकट के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाता है, तो आवेदक को अपात्र समझा जाएगा.
- परिमाप 140 x 60 पिक्सेल (अधिमानतः)
- फाइल की साइज 10 केबी – 20 केबी के बीच हो.
- यह सुनिश्चित करें कि स्कैन की हुई इमेज की साइज 20 केबी से अधिक न हो.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैनिंग :**

- स्कैनर का रिजोल्यूशन न्यूनतम 200 डीपीआई (डाट्स पर इंच) पर रखें
- रंग को सही रंग के लिए सेट करें.
- ऊपर निर्दिष्ट किए अनुसार फाइल का साइज रखें.
- फोटोग्राफ/हस्ताक्षर के अनुसार स्कैनर की इमेज को रखें, अपलोड एडिटर से अंतिम साइज की फोटोग्राफ बनाएं. (जैसेकि ऊपर निर्दिष्ट किया गया है.)
- इमेज फाइल जेपीजी या जेपीईजी फॉरमैट में हो. उदाहरण के लिए फाइल का नाम : इमेज 01. जेपीजी या इमेज 01. जेपीईजी. इमेज का आकार फोल्डर फाइल लिस्टिंग से या माऊस को फाइल इमेज आइकॉन पर घुमाने से आजमाया जायेगा.

  *ऐसे उम्मीदवार जो एमएस विंडोज/एमएस ऑफिस का उपयोग करते हैं और एम एस पेंट या एमएस ऑफिस मैनेजर इस्तेमाल करने से 50 केबी और 20 केबी यथोपरि आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फॉरमॅट में प्राप्त कर सकते हैं. फाइल मेनू में सेव एज विकल्प लेकर किसी भी फारमैट में स्कैन किए गए फोटोग्राफ और हस्ताक्षर जेपीजी फारमैट में सेव किया जा सकता है. क्रॉप का इस्तेमाल करके फोटो की साइज 50 केबी से और हस्ताक्षर की साइज 20 केबी से कम तक घटाई जा सकती है. उसके पश्चात इमेज मेनू में पुनः साइज सेट करें (कृपया पिक्सेल साइज के लिए बिंदु (1) और (2) देखें). इसी तरह के विकल्प अन्य फोटो एडिटर में भी उपलब्ध हैं.*

  **अगर फाइल साइज और फारमैट निर्धारित प्रकार के नहीं हैं, तो त्रुटि का संदेश दिखाई देगा.**

  ऑन लाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवार को अपना फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए एक लिंक उपलब्ध होगा.

**फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने की कार्यविधि**

i) फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग–अलग लिंक होंगे.

ii) अपलोड फोटोग्राफ/हस्ताक्षर के संबंधित लिंक पर क्लिक करें.

iii) जहां पर स्कैन किए हुए फोटोग्राफ/हस्ताक्षर फाइल सेव की गई है, उस स्थान को ब्राउज कर चयनित करें.

iv) क्लिक करके फाइल चयनित करें.

v) 'अपलोड' बटन क्लिक करें.

---

### प्रारूप – ए

### कार्यमुक्त/सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए लागू प्रमाण–पत्र का फॉर्म

प्रमाणित किया जाता है कि क्र.......................रैंक...................नाम.........................................................जिनकी जन्मतिथि.................... है, ने थलसेना/नौसेना/वायु सेना में..................से.................तक अपनी सेवाएं प्रदान की हैं.

2. वह सैन्य सेवाओं से कार्यमुक्त हुए हैं:

% क) असाइन्मेंट पूरा होने पर, परंतु निम्न कारणों से नहीं

(i) बर्खास्तगी द्वारा, या

(ii) दुर्व्यवहार या अकार्यकुशलता के कारण सेवा से अलग करने पर, या

(iii) उनके स्वयं के आग्रह पर, लेकिन अपनी पेंशन अर्जित किए बिना, या

(iv) वह ऐसी रिलीज़ को लंबित रिज़र्व को स्थानांतरित नहीं किए गए हैं

% ख) सैन्य सेवा के कारण शारीरिक विकलांगता के कारण.

% ग) सैन्य सेवा के कम से कम पांच वर्ष में रखने के बाद अशक्तता पर

3. उसे भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुनःनियुक्ति) नियम, 1979, यथा समय–समय पर संशोधित, की परिभाषा के अंतर्गत शामिल किया गया हैं.

स्थान: **सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर, नाम और पदनाम****

दिनांक: मुहर

% लागू न हो वह पैराग्राफ काट दें.

### प्रारूप – बी

### सेवारत कर्मचारी के प्रमाण–पत्र हेतु फॉर्म

*(उन सेवारत कर्मचारियों के लिए लागू जो एक वर्ष में कार्यमुक्त होनेवाले हैं)*

प्रमाणित किया जाता है कि, क्र.................... रैंक...................नाम.............................................................................थलसेना/नौसेना/वायुसेना में.........................से सेवारत हैं.

2. वह असाइन्मेंट की निर्दिष्ट अवधि पूरी होने पर कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त हो जाएंगे.

3. उनके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला बकाया नहीं है.

स्थान: **सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर, नाम और पदनाम****

दिनांक: मुहर

### प्रारूप– सी

### एक वर्ष में कार्यमुक्त होनेवाले सेवारत सशस्त्र बल कर्मचारी द्वारा शपथपत्र दिया जाए

(1) मैं यह जानता हूँ कि, इस आवेदन–पत्र से संबंधित भर्ती/परीक्षा के आधार पर चयनित होने पर, मेरी नियुक्ति, नियुक्ति प्राधिकृति को संतोषजनक दस्तावेज़ी प्रमाण प्रस्तुत करने के अधीन होगी, कि मैं सशस्त्र बलों से बकायदा कार्यमुक्त/सेवानिवृत्त/सेवामुक्त हूँ और मैं भूतपूर्व सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुनःनियुक्ति) नियम, 1979, यथा समय–समय पर संशोधित, की परिभाषा के अंतर्गत मान्य लाभों के लिए पात्र हूँ.

(2) मैं यह भी जानता हूँ कि इस परीक्षा में शामिल किए गए भर्ती के संबंध में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्त पद के लिए उस स्थिति में नियुक्ति का पात्र नहीं रहूंगा जब ऐसी नियुक्ति से पहले कभी भी मैनें, भूतपूर्व सैनिकों को मान्य रिक्तपदों के आरक्षण की रियायत का लाभ लेकर सिविल पक्ष (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्तशासी निकाय/वैधानिक निकाय, राष्ट्रीयकृत बैंक आदि) में कोई रोजगार प्राप्त कर लिया हो.

स्थान: **उम्मीदवार के हस्ताक्षर व नाम**

दिनांक:

### प्रारूप– डी

### अपना आरंभिक असाइन्मेंट पूरा कर चुके और विस्तारित असाइन्मेंट पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए लागू प्रमाण–पत्र का फॉर्म

प्रमाणित किया जाता है कि, क्र...................रैंक.................... नाम......................................................जिनकी जन्मतिथि.................... है,........................... से थलसेना/नौसेना/वायुसेना में सेवारत हैं.

2. वह.................. को अपना पांच वर्ष का आरंभिक असाइन्मेंट पूरा कर चुके हैं और..................... तक विस्तारित असाइन्मेंट पर हैं.

3. सिविल रोजगार के लिए उनके आवेदन करने पर हमें कोई आपत्ति नहीं है और चयनित होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तिथि से उन्हें तीन माह की सूचना में कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

स्थान: **सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर, नाम और पदनाम****

दिनांक: मुहर

*** आयु में रियायत प्राप्त करने के लिए सशस्त्र बलों को प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए निम्नलिखित सक्षम प्राधिकारी हैं:*

*(अ) **ईसीओ/एसएससीओ सहित कमिशन्ड अधिकारियों के मामले में: थलसेना:** मिलिट्री सेक्रेटरी ब्रांच, थलसेना मुख्यालय, नई दिल्ली; **नौसेना:** कार्मिक निदेशालय, नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली; **वायुसेना:** कार्मिक अधिकारियों का निदेशालय, वायुसेना मुख्यालय, नई दिल्ली.*

*(ब) **जेसीओ/ओआर और नौसेना तथा वायुसेना के समकक्ष पदों के लिए: थलसेना:** विभिन्न रेजिमेंट रिकॉर्ड कार्यालयों द्वारा; **नौसेना:** बीएबीएस, मुंबई; **वायुसेना:** वायुसेना रिकॉर्ड्स, नई दिल्ली*